प्रेस विज्ञप्ति

मनरेगा (विकसित भारत जी राम जी) के तहत रोजगार की गारंटी 125 दिनों से बढ़ाकर 250 दिनों की हो - स्वामी आर्यवेश, अध्यक्ष - बंधुआ मुक्ति मोर्चा

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस अवसर के पर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने उठाई अपनी आवाज

बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली, 1 मई 2026

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज , 1 मई 2026 को जंतर-मंतर , नई दिल्ली में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने बंधुआ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले एकत्रित होकर देश के करोड़ों असंगठित एवं बंधुआ मजदूरों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया जी को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि देश की कथित आर्थिक प्रगति के बावजूद असंगठित क्षेत्र के मजदूर आज भी असुरक्षा, कम वेतन, शोषण तथा सामाजिक सुरक्षा के अभाव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। श्रमिक प्रतिनिधियों ने सरकार से मजदूरों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके शोषण पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन पत्र में प्रमुख रूप से मनरेगा (विकसित भारत जी राम जी) के तहत रोजगार की गारंटी 125 दिनों से बढ़ाकर 250 दिनों की करने , सभी श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने , असंगठित मजदूरों का न्यूनतम वेतन केंद्र सरकार में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के बराबर हो,। इसके अतिरिक्त ठेका प्रथा में हो रहे शोषण पर रोक लगाने और सभी श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य , शिक्षा, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने की भी मांग रखी गई।

बंधुआ मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश जी ने कहा कि देश के निर्माण में मजदूरों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए उन्हें सम्मानजनक जीवन, सुरक्षित रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार से श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर बंधुआ मुक्ति मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी— श्री विरजानंद जी, स्वामी आदित्यवेश जी, श्री रामनिवास जी, श्री बिष्णु पॉल जी, श्री मकेंद्र कुमार जी, श्री हवा सिंह हुड्डा जी, श्री काशी राम जी, श्री कैलाश जी, श्रीमती विमला जी, किशोरीलाल जी, श्री भानु प्रताप जी , श्री जावेद जी, श्री सोनू तोमर जी, श्री अशोक कुमार जी , श्री आशुतोष जी सहित बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के मजदूर , सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जारीकर्ता:

बंधुआ मुक्ति मोर्चा
नई दिल्ली
संपर्क: 011-23367943